## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 678 / 2024

अनवान : –

1. भालसिंह पुत्र रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।

– **वादी**

**बनाम्**

1. विनोद कुमार पुत्र रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
2. इन्द्रसिंह पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
3. सत्यपाल पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
4. देवेन्द्र कुमार पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
5. गोमती देवी पुत्री विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
6. हरीराम पुत्र विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
7. कलावती पुत्री विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
8. भागीरथ पुत्र विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
9. सुमन पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
10. भागीरथ पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
11. मंजु पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
12. सुनिता पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
13. कमलेश पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
14. सुनील पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
15. विमला पत्नी रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
16. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– **प्रतिवादीगण**

**दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 राजस्थान काश्त0 अधि0 1955**

उपस्थिति :– श्री मदन मोहन जोशी अधिवक्ता **वादी**
पेरोकार राज

**निर्णय** दिनांकः 02/08/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा 25 डीपीएन तहसील नोहर के खाता स0 104 / 93 की कुल 4.8070 हैक्ट भूमि में से 1 / 4 हिस्सा भूमि शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उपरोक्त भूमि वादी की दादालाई खातेदारी कृषि भूमि है वाद भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड रिकार्ड में शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, जो की वादी का दादा है। शालू पुत्र बींझा का स्वर्गवास हो चुका है शालू पुत्र बींझा के जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 15 है जो की अपने हक हिस्सा अनुसार वाद भूमि को अपने नाम दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 15 ने उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहते है अपना [illegible] हक हिस्सा है वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में परित्याग दिया है। बाद हक त्याग 1 / 2 हिस्सा भूमि पर वादी व प्रतिवादी सं01

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.08.12 18:37:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

बहिब, 1/2 हिस्सा भूमि पर प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 4 बहिब काबिज है वादी जिसकी न्यायालय से घोषणा करवा पाने का अधिकारी है। यही बिनाय दावा है।

वादी ने प्रतिवादीगण को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावें की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 15 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल जवाब पेश किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 15 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 16 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम जमाबंदी, मृत्यु प्रमाण शालु, मृत्युप्रमाण पत्र पतराम, मृत्यु प्रमाण पत्र श्योनाथ, मृत्यु प्रमाण पत्र विद्या मृत्यु प्रमाण चिड़िया, शपथ पत्र बाबत सदस्य आदि दस्तावेज पेश किये जो की शामिल मिसल किये गये।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि वादीगण की दादालाई कृषि भूमि है वाद भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड रिकार्ड में शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, जो की वादी का दादा है। शालू पुत्र बींझा का स्वर्गवास हो चुका है शालू पुत्र बींझा के जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 15 है जो की अपने हक हिस्सा अनुसार वाद भूमि को अपने नाम दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 15 ने उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहते है अपना जो भी हक हिस्सा है वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में परित्याग दिया है। बाद हक त्याग 1/2 हिस्सा भूमि पर वादी व प्रतिवादी सं01 बहिब, 1/2 हिस्सा भूमि पर प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 4 बहिब काबिज है। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर इकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई ऐतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर [illegible] को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.08.12 18:37:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा 25 डीपीएन तहसील नोहर के खाता स0 104/93 की कुल 4.8070 हैक्ट भूमि में से 1/4 हिस्सा भूमि शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। वादी का कथन है कि वाद भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड रिकार्ड में शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, जो की वादी का दादा है। शालू पुत्र बींझा का स्वर्गवास हो चुका है शालू पुत्र बींझा के जायज वारिसान सजरा खानदान के अनुसार वादी एवं प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 15 है जो की अपने हक हिस्सा अनुसार वाद भूमि को अपने नाम दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। प्रतिवादीगण संख्या 5 ता 15 ने उक्त वाद भूमि में कोई हक हिस्सा नही लेना चाहते है अपना जो भी हक हिस्सा है वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के पक्ष में परित्याग दिया है। बाद हक त्याग 1/2 हिस्सा भूमि पर वादी व प्रतिवादी सं01 बहिब, 1/2 हिस्सा भूमि पर प्रतिवादीगण संख्या 2 ता 4 बहिब काबिज है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 25 डीपीएन तहसील नोहर के खाता स0 104/93 की कुल 4.8070 हैक्ट भूमि में से 1/4 हिस्सा भूमि शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में मृतक शालु पुत्र बींझा का नाम कलमजन किया जाकर 1/2 हिस्सा भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 को बहिब के तथा शेष 1/2 हिस्सा भूमि का प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हों।

निर्णय आज दिनांक 02/08/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.08.12 18:37:12 IST
Reason: SelfAttested

# पर्चा डिक्री

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर०ए०एस०)**

प्रकरण संख्या – 678 / 2024

अनवान : –

1. भालसिंह पुत्र रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।

**– वादी**

**बनाम्**

1. विनोद कुमार पुत्र रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
2. इन्द्रसिंह पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
3. सत्यपाल पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
4. देवेन्द्र कुमार पुत्र श्योनाथ जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
5. गोमती देवी पुत्री विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
6. हरीराम पुत्र विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
7. कलावती पुत्री विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
8. भागीरथ पुत्र विद्या पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
9. सुमन पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
10. भागीरथ पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
11. मंजु पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
12. सुनिता पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
13. कमलेश पुत्री चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
14. सुनील पुत्र चिड़िया पुत्री पतराम जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
15. विमला पत्नी रणजीत जाति मेघवाल निवासी परलीका तहसील नोहर।
16. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 678 सन 2024 निर्णय दिनांक** 02/08/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री मदनमोहन जोशी एवं वकील प्रतिवादी श्री मांगीराम बैनीवाल व राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ / अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा 25 डीपीएन तहसील नोहर के खाता स0 104 / 93 की कुल 4.8070 हैक्ट भूमि में से 1 / 4 हिस्सा भूमि शालू पुत्र बींझा के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है, में मृतक शालु पुत्र बींझा का नाम कलमजन किया जाकर 1 / 2 हिस्सा भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 को बहिब के तथा शेष 1 / 2 हिस्सा भूमि का प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 को बहिब के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500 / – रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 02/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.08.12 18:37:12 IST
Reason: SelfAttested

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर